# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 14.05.2026** **समय : 1905**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल संयुक्त अरब अमीरात समेत पांच देशों की यात्रा के लिए रवाना होंगे। अबु धाबी में भारत और यू ए ई संबंधों पर अहम बातचीत होगी।
2. केरलम् में कांग्रेस ने दस दिन से जारी राजनीतिक अनिश्चिताओं को खत्म करते हुए वी डी सतीशन को मुख्यमंत्री घोषित किया।
3. फरारगंज में प्रधानमंत्री दिव्याशा वयोश्री केन्द्र पहल के अंतर्गत दिव्यांगजन और वृद्धजन के लिए सहायक उपकरण शिविर का आयोजन किया गया।
4. एम वी नालंदा सोलह मई को राजधानी श्री विजयपुरम् से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड्स, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की छह दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात जाएंगे। इस दौरान श्री मोदी अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत और संयुक्त अरब अमीरात की मजबूत साझेदारी को एक और नए स्तर पर ले जाने के लिए चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पूरा क्षेत्र अभूतपूर्व परिस्थितियों से गुजर रहा है। यूएई, भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बन चुका है, जहां भारत का निर्यात सैंतीस अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है।

<><><><><><><>

कांग्रेस ने दस दिन से चल रही अनिश्चिताओं को खत्म करते हुए आज वी डी सतीशन को केरलम का नया मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। इस घोषणा के साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ राज्य में सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। यूडीएफ ने केरलम विधानसभा चुनाव में दो–तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया है।

<><><><><><><>

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिन की बैठक नई दिल्ली में चल रही है। इसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ० सुब्रह्मणयम जयशंकर कर रहे हैं। बैठक में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री तथा सदस्य और भागीदार देशों के शिष्टमंडल प्रमुख भाग ले रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्ष का विषय है– लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण। यह विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानवता प्रथम और जनकेंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस अवसर पर विदेश मंत्री डॉ० एस जयशंकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा वैश्विक व्यवस्था के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हाल के संघर्षों ने संवाद और कूटनीति के महत्व को और अधिक स्पष्ट किया है।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि पूरे देश में पर्याप्त मात्रा में कच्चा तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर आयोजित अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव, सुजाता शर्मा ने कहा कि पूरे देश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है और किसी भी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर स्टॉक खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं और एलपीजी कनेक्टिविटी में भी वृद्धि हुई है।

<><><><><><><>

फरारगंज में आज दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण हेतु समेकित क्षेत्रीय केंद्र तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के संयुक्त तत्वावधान में अभ्युदय कॉम्प्लेक्स में वृद्धजन एवं दिव्यांगजन के लिए सहायक उपकरणों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री दिव्याशा व्योश्री केंद्र की पहल के अंतर्गत तथा सामाजिक कल्याण निदेशालय के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में कुल चौवन लाभार्थियों की जांच की गई। सीआरसी की बहु–विषयक विशेषज्ञ टीम ने प्रत्येक लाभार्थी की कार्यात्मक आवश्यकताओं के आधार पर विस्तृत आकलन किया। कार्यक्रम के दौरान निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना तथा दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध पुनर्वास सेवाओं पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद विष्णु पद रे ने उपराज्यपाल से द्वीपों में प्रस्तावित मानित विश्वविद्यालय (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मॉडल के बजाय संसद के अधिनियम के माध्यम से पूर्ण केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह किया है। सांसद ने सात मई को उपराज्यपाल को दिए विस्तृत ज्ञापन में बताया कि वह इस मुद्दे को पहले भी पिछले वर्ष नौ दिसंबर तथा इस वर्ष बारह फरवरी को प्रधानमंत्री के समक्ष उठा चुके हैं। फरवरी में उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर भी द्वीपवासियों की मांग से अवगत कराया था। सांसद ने बताया कि कॉलेजों के दौरे के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने एकमत से केंद्रीय विश्वविद्यालय की मांग की है। उन्होंने आशा जताई कि प्रशासन छात्रों और द्वीपवासियों के शिक्षा हित में इस मांग का समर्थन करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में सी बी एस ई द्वारा आयोजित कक्षा बारह का परिणाम कल घोषित कर दिया गया। सी बी एस ई वेबसाइट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, द्वीपसमूह के सभी विद्यालयों से कुल चार हजार नौ सौ अड़तालीस  विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से चार हजार बारह विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि पांच सौ चौबीस विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत इक्यासी दशमलव शून्य आठ प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसके साथ ही द्वीपसमूह के दस विद्यालयों ने इस परीक्षा में सौ प्रतिशत परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय के अनुसार एम.वी "नालंदा" सोलह मई को सुबह आठ बजे राजधानी श्री विजयपुरम से मायाबंदर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। यात्रियों की बोर्डिंग प्रक्रिया उसी दिन सुबह 5 बजे से 7 बजे तक चलेगी। यात्रियों को समय से पूर्व पहुंचने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

स्नातक समुद्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित आईएमयू–सीईटी 2026 परीक्षा 6 मई को श्री विजयपुरम स्थित डॉ. बी.आर. आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में संपन्न हुई। परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थियों की मेरिट सूची डीब्रेट के समुद्री शाखा के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर दी गई है। सभी अभ्यर्थियों को अपने सभी विवरणों का सत्यापन करने के लिए प्रशासन के संपर्क में बने रहने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही अभ्यर्थी सभी सम्पर्क सूत्रों से अद्यतन जानकारी लेते रहें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा "डीजीपी कप लीग–कम–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन–1–2026" का आयोजन मई के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी श्री विजयपुरम स्थित जेएनआरएम फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में विभिन्न विभागों की टीमें तथा निजी युवा क्लब भाग ले सकेंगे। प्रत्येक टीम के लिए सात हजार रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में अधिकतम तीस टीमें भाग ले सकती है। इच्छुक टीमें आयोजन समिति के सदस्य एवं खेल प्रभारी ए एस आई विजय शंकर से नौ पांच तीन एक आठ तीन छ शून्य एक शून्य सम्पर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 25 मई शाम 5 बजे है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के अधिकांश भागों में हल्की वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक कार निकोबार में दस, श्री विजयपुरम में चार दशमलव चार, लॉंग आइलैंड में चार, मायाबन्दर में तीन और ननकौड़ी में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आने वाले कुछ दिनों तक मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटे तक चलने की संभावना है। इस दौरान मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>